## Part – III / भाग – III

## PHYSICS / भौतिकी

**101.** Light, from a 520 nm monochromatic source in air, is incident on a rectangular slab of quartz (refractive index $\mu = 1.56$) at an angle of 30°. The wavelength of light, refracted within the quartz, is close to

(1) 173 nm

(2) 333 nm

(3) 520 nm

(4) 811 nm

**102.** A convex lens, of focal length 15 cm, is located 10 cm left of a concave lens of focal length –10 cm. An object is placed 30 cm to the left of the convex lens. The final image formed by the two lenses is at

(1) 20 cm to the left of convex lens.

(2) 20 cm to the right of concave lens.

(3) 10 cm to the left of convex lens.

(4) 10 cm to the right of concave lens.

**103.** A series RL circuit is connectesd to ac source that produces 12 V (rms) at 400 rad/s. R = 17.32 Ω and L = 0.025 H. The rms current in the circuit is

(1) 0.60 A; leads voltage by 30°

(2) 0.60 A; lags voltage by 30°

(3) 1.20 A; leads voltage by 60°

(4) 1.20 A; lags voltage by 60°

**101.** वायु में किसी 520 nm के एकवर्णी स्रोत से प्रकाश किसी क्वार्ट्ज (अपवर्तनांक, $\mu = 1.56$) के आयताकार स्लैब पर 30° के कोण पर आपतित है । क्वार्ट्ज के भीतर अपवर्तित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य निम्नलिखित में से किसके निकटतम है ?

(1) 173 nm

(2) 333 nm

(3) 520 nm

(4) 811 nm

**102.** 15 cm फोकस दूरी का कोई उत्तल लेंस –10 cm फोकस दूरी के किसी अवतल लेंस के बायीं ओर लेंस से 10 cm दूरी पर स्थित है । कोई बिम्ब उत्तल लेंस के बायीं ओर लेंस से 30 cm दूरी पर रखा है । इन दोनों लेंसों द्वारा इस बिम्ब का अंतिम प्रतिबिम्ब स्थित है

(1) उत्तल लेंस के बायीं ओर इस लेंस से 20 cm दूरी पर

(2) अवतल लेंस के दायीं ओर इस लेंस से 20 cm दूरी पर

(3) उत्तल लेंस के बायीं ओर इस लेंस से 10 cm दूरी पर

(4) अवतल लेंस के दायीं ओर इस लेंस से 10 cm दूरी पर

**103.** कोई RL श्रेणी परिपथ, जिसमें R = 17.32 Ω तथा L = 0.025 H है, 400 rad/s पर 12 V(rms) उत्पन्न करने वाले ac स्रोत से संयोजित है । परिपथ में rms धारा है –

(1) 0.60 A; वोल्टता से 30° अग्र

(2) 0.60 A; वोल्टता से 30° पश्च

(3) 1.20 A; वोल्टता से 60° अग्र

(4) 1.20 A; वोल्टता से 60° पश्च

104. A sheet of polaroid is placed on top of another indentical sheet so that their polarizing axes make an angle of 30° to each other. Let $I_0$ be the intensity of unpolarised light incident on one of the polaroids and I, the intensity of polarised light emerging from the second polaroid. Then ratio $I/I_0$ is

(1) 1/4 (2) 1/3
(3) 3/8 (4) 3/4

105. A converging lens, with two curved surfaces has a front surface with radius of curvature 12 cm; the back surface has radius of curvature 24 cm. It is made of material with refractive index of 1.75. The focal length of the lens is (nearly)

(1) 5.33 cm (2) 10.66 cm
(3) 16.0 cm (4) 32.0 cm

106. A thin lens of focal length 20 cm (refractive index, $\mu$ = 1.50) is immersed in water ($\mu$ = 1.33). The focal length of the lens in water is (nearly)

(1) 19 cm (2) 26 cm
(3) 39 cm (4) 78 cm

107. In Young's double slit experiment waves of wavelength $\lambda$, are incident in phase on the two slits. They travel to a point on the screen to produce a second minima of the interference pattern. The difference in the distances travelled by the waves is

(1) $\lambda/2$ (2) $3\lambda/2$
(3) $\lambda$ (4) $2\lambda$

108. In a Young's double-slit experiment, slits are separated by 0.28 mm and the screen is placed 1.4 m away. If the wavelength of light used is 600 nm, the fringe width is

(1) 2.0 mm (2) 2.4 mm
(3) 3.0 mm (4) 3.6 mm

104. कोई पोलरॉयड शीट किसी अन्य सर्वसम पोलरॉयड शीट के शीर्ष पर इस प्रकार रखी है कि दोनों शीटों के ध्रुवण-अक्ष एक दूसरे से 30° का कोण बनाते हैं । मान लीजिए पहले पोलरॉयड पर आपतित अध्रुवित प्रकाश की तीव्रता $I_0$ है तथा दूसरे पोलरॉयड से निर्गत प्रकाश की तीव्रता I है । तब अनुपात $I/I_0$ है –

(1) 1/4 (2) 1/3
(3) 3/8 (4) 3/4

105. किसी दो पृष्ठों वाले अभिसारी लेंस के अग्र पृष्ठ की वक्रता त्रिज्या 12 cm और पश्च पृष्ठ की वक्रता त्रिज्या 24 cm है । यह जिस पदार्थ का बना है उसका अपवर्तनांक 1.75 है । इस लेंस की फोकस दूरी है (लगभग)

(1) 5.33 cm (2) 10.66 cm
(3) 16.0 cm (4) 32.0 cm

106. 20 cm फोकस दूरी का कोई पतला लेंस (अपवर्तनांक $\mu$ = 1.50) जल (अपवर्तनांक $\mu$ = 1.33) में डूबा है । जल में इस लेंस की फोकस दूरी है, (लगभग)

(1) 19 cm (2) 26 cm
(3) 39 cm (4) 78 cm

107. यंग के द्विझिरी प्रयोग में तरंगदैर्घ्य $\lambda$ की तरंगें कला में दो झिरियों पर आपतन कर रही हैं । ये परदे पर उस बिन्दु तक गमन करती है, जहाँ ये व्यतिकरण पैटर्न का द्वितीय निम्निष्ठ उत्पन्न करती है । तरंगों द्वारा चली गयी दूरियों का अन्तर है –

(1) $\lambda/2$ (2) $3\lambda/2$
(3) $\lambda$ (4) $2\lambda$

108. यंग के किसी द्विझिरी प्रयोग में झिरियों के बीच पृथकन 0.28 mm तथा पर्दे की झिरियों से दूरी 1.4 m है । यदि उपयोग किए गए प्रकाश की तरंगदैर्घ्य 600 nm है, तो फ्रिंज-चौड़ाई है –

(1) 2.0 mm (2) 2.4 mm
(3) 3.0 mm (4) 3.6 mm

**109.** The ionisation energy for the hydrogen atom is 13.6 eV. What is the energy of a photon that is emitted as a hydrogen atom makes a transition from n = 5 to n = 3 state ?

(1) 0.544 eV (2) 0.966 eV
(3) 1.510 eV (4) 2.054 eV

**110.** The mean radius, for the nucleus of mass number 1, is 1.2 fm. The mass number of an isotope, with nuclei of mean radius 7.2 fm, is (nearly)

(1) 96 (2) 125
(3) 144 (4) 216

**111.** A photon has a wavelength of 3 nm. Its momentum is ($h = 6.63 \times 10^{-34}$ J, $c = 3 \times 10^8$ m/s)

(1) $1.12 \times 10^{-24}$ kg m/s
(2) $2.21 \times 10^{-25}$ kg m/s
(3) $3.35 \times 10^{-25}$ kg m/s
(4) $4.48 \times 10^{-24}$ kg m/s

**112.** A photocathode has a work function of 2.4 eV. It is illuminated with monochromatic radiation whose photon energy is 3.9 eV. The maximum kinetic energy of photoelectrons ejected is

(1) $2.4 \times 10^{-19}$ J (2) $3.7 \times 10^{-19}$ J
(3) $4.6 \times 10^{-19}$ J (4) $7.2 \times 10^{-18}$ J

**113.** Light with intensity of 21 W/cm$^2$ falls on a perfectly reflecting surface at normal incidence. If surface has an area of 20 cm$^2$, the force, due to the radiation, on the surface, is

(1) $0.6 \times 10^{-6}$ N (2) $1.4 \times 10^{-6}$ N
(3) $2.8 \times 10^{-6}$ N (4) $3.2 \times 10^{-5}$ N

**114.** The shortest wavelength, in the Lyman series of the hydrogen, is ($R = 1.097 \times 10^7$ m$^{-1}$)

(1) 73 nm (2) 91 nm
(3) 274 nm (4) 469 nm

**109.** हाइड्रोजन परमाणु की आयनन ऊर्जा 13.6 eV है । हाइड्रोजन परमाणु के n = 5 से n = 3 अवस्था के किसी संक्रमण में उत्सर्जित होने वाले फोटॉन की ऊर्जा क्या है ?

(1) 0.544 eV (2) 0.966 eV
(3) 1.510 eV (4) 2.054 eV

**110.** द्रव्यमान संख्या 1 के नाभिक की माध्य त्रिज्या 1.2 fm है । माध्य त्रिज्या 7.2 fm वाले नाभिक के किसी समस्थानिक की द्रव्यमान संख्या होगी (लगभग)

(1) 96 (2) 125
(3) 144 (4) 216

**111.** किसी फोटॉन की तरंगदैर्ध्य 3 nm है । इसका संवेग है –

($h = 6.63 \times 10^{-34}$ J, $c = 3 \times 10^8$ m/s)

(1) $1.12 \times 10^{-24}$ kg m/s
(2) $2.21 \times 10^{-25}$ kg m/s
(3) $3.35 \times 10^{-25}$ kg m/s
(4) $4.48 \times 10^{-24}$ kg m/s

**112.** किसी फोटोकैथोड का कार्यफलन 2.4 eV है । इसे 3.9 eV फोटॉन ऊर्जा के एकवर्णी विकिरणों द्वारा प्रदीप्त किया गया है । उत्सर्जित फोटोइलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा है –

(1) $2.4 \times 10^{-19}$ J (2) $3.7 \times 10^{-19}$ J
(3) $4.6 \times 10^{-19}$ J (4) $7.2 \times 10^{-18}$ J

**113.** 21 W/cm$^2$ तीव्रता का कोई प्रकाश किसी पूर्णत: परावर्ती पृष्ठ पर अभिलम्बवत आपतन करता है । यदि पृष्ठ का क्षेत्रफल 20 cm$^2$ है, तो विकिरणों द्वारा पृष्ठ पर आरोपित बल है –

(1) $0.6 \times 10^{-6}$ N (2) $1.4 \times 10^{-6}$ N
(3) $2.8 \times 10^{-6}$ N (4) $3.2 \times 10^{-5}$ N

**114.** हाइड्रोजन की लाइमन श्रेणी में लघुतम तरंगदैर्ध्य है –

($R = 1.097 \times 10^7$ m$^{-1}$)

(1) 73 nm (2) 91 nm
(3) 274 nm (4) 469 nm

**115.** The nucleus with mass number A, and atomic number Z, undergoes $\beta^-$ decay. The mass number and atomic number, respectively, of the daughter nucleus are

(1) A, Z − 1 (2) A, Z + 1
(3) A + 1, Z − 1 (4) A − 1, Z − 1

**116.** The half-life of radon is 3.82 days. How long does it take for 75 percent of a sample of radon to decay ?

(1) 1.91 days (2) 3.82 days
(3) 5.05 days (4) 7.64 days

**117.** Figure shows the transfer characteristics of a Base-biased transistor in CE configuration. Which of the following statements is <u>not</u> true ?




(1) At $V_i$ = 0.4 V, transistor is in active state.
(2) At $V_i$ = 1 V, it can be used as an amplifier.
(3) At $V_i$ = 0.5 V, it can be used as a switch turned off.
(4) At $V_i$ = 2.5 V, it can be used as a switch turned on.

**118.** The gate, with the following truth table, is

| Input | | Output |
|---|---|---|
| A | B | Y |
| 0 | 0 | 0 |
| 0 | 1 | 0 |
| 1 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 |

(1) NOT gate (2) NOR gate
(3) AND gate (4) NAND gate

**115.** परमाणु संख्या Z और द्रव्यमान संख्या A के किसी नाभिक का $\beta^-$ क्षय होता है । संतति नाभिक की द्रव्यमान संख्या और परमाणु संख्या क्रमशः होगी

(1) A, Z − 1 (2) A, Z + 1
(3) A + 1, Z − 1 (4) A − 1, Z − 1

**116.** रेडॉन की अर्धायु 3.82 दिन है । रेडॉन के सैम्पल को 75 प्रतिशत क्षयित होने में कितना समय लगेगा ?

(1) 1.91 दिन (2) 3.82 दिन
(3) 5.05 दिन (4) 7.64 दिन

**117.** आरेख में किसी आधार बायासित ट्रांजिस्टर के CE विन्यास का अंतरण अभिलक्षण दर्शाया गया है । नीचे दिया गया कौन सा कथन सत्य नहीं है ?




(1) $V_i$ = 0.4 V पर ट्रांजिस्टर सक्रिय अवस्था में है ।
(2) $V_i$ = 1 V पर, इसका प्रवर्धक के रूप में उपयोग किया जा सकता है ।
(3) $V_i$ = 0.5 V पर, इसका उपयोग स्विच बन्द करने के रूप में किया जा सकता है ।
(4) $V_i$ = 2.5 V पर, इसका उपयोग स्विच खोलने के रूप में किया जा सकता है ।

**118.** नीचे दी गयी सत्यमान सारणी वाला गेट है

| निवेश | | निर्गत |
|---|---|---|
| A | B | Y |
| 0 | 0 | 0 |
| 0 | 1 | 0 |
| 1 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 |

(1) NOT गेट (2) NOR गेट
(3) AND गेट (4) NAND गेट

119. Radha uses a simple pendulum to determine the value of acceleration due to gravity in her physics laboratory. The percentage errors of measurement in length and time period of pendulum are 1% and 2% respectively. The percentage error in the value of $g$ determined by her is

(1) 1%

(2) 3%

(3) 5%

(4) 7%

120. A metal ball of radius 'a' falls through a liquid of density σ and viscosity η. The density of metal is ρ and acceleration due to gravity is $g$. Four students write the following formulas for the terminal velocity of the ball.

On dimensional grounds, which formula is correct ?

(1) $v_t = 2a(\rho - \sigma)g/9\eta$

(2) $v_t = 2a^2(\rho - \sigma)g/9\eta$

(3) $v_t = 2a^2(\rho - \sigma)g/9\sqrt{\eta}$

(4) $v_t = 2a(\rho - \sigma)\sqrt{g}/9\eta$

121. The mass of an object is found to be $3.64 \times 10^4$ kg. The number of significant figures in this result is

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

119. राधा अपनी भौतिकी प्रयोगशाला में गुरुत्वीय त्वरण का मान निर्धारित करने के लिए सरल लोलक का उपयोग करती है । लोलक की लम्बाई और आवर्तकाल के मापों में होने वाली प्रतिशत त्रुटियाँ क्रमशः 1% और 2% हैं । उसके द्वारा निर्धारित $g$ के मान में त्रुटि की प्रतिशतता है

(1) 1%

(2) 3%

(3) 5%

(4) 7%

120. त्रिज्या a की कोई धातु की गेंद घनत्व σ और श्यानता η के किसी द्रव में गिरती है । धातु का घनत्व ρ तथा गुरुत्वीय त्वरण $g$ है । गेंद के अंतिम वेग के लिए चार विद्यार्थी नीचे दिए गए सूत्र लिखते हैं :

विमीय आधार पर इनमें से कौन सा सूत्र सही है ?

(1) $v_t = 2a(\rho - \sigma)g/9\eta$

(2) $v_t = 2a^2(\rho - \sigma)g/9\eta$

(3) $v_t = 2a^2(\rho - \sigma)g/9\sqrt{\eta}$

(4) $v_t = 2a(\rho - \sigma)\sqrt{g}/9\eta$

121. किसी पिण्ड का द्रव्यमान $3.64 \times 10^4$ kg पाया गया । इस परिणाम में सार्थक अंकों की संख्या है

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

**122.** A body falls from rest under gravity. Let $d_3$ and $d_5$ be the distance travelled by the body during third and fifth seconds, respectively. The ratio $(d_3/d_5)$ is

(1) 3/5 (2) 5/3

(3) 9/5 (4) 5/9

**123.** Two trains A and B, each of length 200 m, are moving on two parallel tracks with a uniform speed of 72 km/h in the same direction, with A ahead of B. The driver of B decides to overtake A and accelerates by 1 $m/s^2$. If after 40 s, the guard of B just brushes past the driver of A, the original distance between A and B was

(1) 800 m (2) 1000 m

(3) 1200 m (4) 1400 m

**124.** Figures (a), (b), (c) and (d) give velocity-time graphs of four objects moving along a straight line, during the same time interval O – Ts. In which case the object changes its direction during its motion ?




(1) (a) (2) (b)

(3) (c) (4) (d)

**122.** कोई पिण्ड गुरुत्व के अधीन विराम से गिरता है । मान लीजिए यह पिण्ड तीसरे और पाँचवें सेकण्डों में क्रमशः $d_3$ और $d_5$ दूरियाँ तय करता है । $(d_3/d_5)$ अनुपात है ।

(1) 3/5 (2) 5/3

(3) 9/5 (4) 5/9

**123.** दो रेलगाड़ियाँ A और B, जिनमें प्रत्येक की लम्बाई 200 m है, समान्तर पटरियों पर एक ही दिशा में 72 km/h की एकसमान चाल से गतिमान है तथा रेलगाड़ी A रेलगाड़ी B से आगे है । B का ड्राइवर A से आगे निकलने का निश्चय करता है और अपनी रेलगाड़ी को 1 $m/s^2$ से त्वरित करता है । यदि 40 s के पश्चात् रेलगाड़ी B का गार्ड रेलगाड़ी A के ड्राइवर के ठीक पास से गुजरता है, तो A और B के बीच की मूल दूरी थी

(1) 800 m (2) 1000 m

(3) 1200 m (4) 1400 m

**124.** आरेखों (a), (b), (c) और (d) में सरल रेखा के अनुदिश गतिमान चार पिण्डों के समान समय अन्तराल O – Ts की अवधि के वेग-समय ग्राफ दिए गए हैं । इनमें से किस प्रकरण में गति की अवधि में पिण्ड अपनी दिशा परिवर्तित करता है ?




(1) (a) (2) (b)

(3) (c) (4) (d)

125. A motorboat is moving towards north at 10 m/s and the water current in that region is 5 m/s in the direction of 30° south of east. The magnitude of the resultant velocity of the motorboat is close to

(1) 8.7 m/s (2) 10 m/s

(3) 14.5 m/s (4) 19 m/s

126. A particle is projected horizontally with a speed of 5 m/s from the top of a plane. The plane is inclined at an angle of 45° with the horizontal. The particle strikes the plane at a distance d (measured from the point of projection) along the plane. The value of d is close to (take $g = 10\ m/s^2$)

(1) 5.0 m (2) 7.1 m

(3) 8.7 m (4) 14.1 m

127. Rakesh runs at a speed of 10 m/s around a circular track with a centripetal acceleration of 4.0 $m/s^2$. The time period of his motion is close to

(1) 3.1 s (2) 5.3 s

(3) 15.7 s (4) 20.1 s

128. A ball, of mass 0.16 kg, strikes a rigid wall with a speed of 18 km/h and is reflected without any change in speed, as shown in figure. The magnitude of impulse imparted to the ball by the wall is




(1) 0.4 kg m/s (2) 0.8 kg m/s

(3) 1.4 kg m/s (4) 2.4 kg m/s

125. कोई मोटर बोट उत्तर दिशा में 10 m/s के वेग से गतिमान है तथा उस क्षेत्र में जल-धारा का वेग 5 m/s पूर्व से दक्षिण की ओर 30° पर है । मोटर बोट की परिणामी वेग का परिमाण निम्न में से किसके निकटतम है ?

(1) 8.7 m/s (2) 10 m/s

(3) 14.5 m/s (4) 19 m/s

126. किसी कण को किसी तल के शीर्ष से 5 m/s की चाल से क्षैतिजतः प्रक्षेपित किया गया है । यह तल क्षैतिज से 45° के कोण पर झुका है । यह कण इस तल से तल के अनुदिश दूरी d (इस दूरी को प्रक्षेप्य बिन्दु से मापा गया है । ) पर टकराता है । यदि $g = 10\ m/s^2$ है, तो दूरी d का मान निम्न में से किसके निकटतम है ?

(1) 5.0 m (2) 7.1 m

(3) 8.7 m (4) 14.1 m

127. राकेश किसी वृत्ताकार पथ पर 4.0 $m/s^2$ के अभिकेन्द्र त्वरण के साथ 10 m/s की चाल से चक्कर लगा रहा है । उसकी गति का आवर्तकाल निम्नलिखित में से किसके निकटतम है ?

(1) 3.1 s (2) 5.3 s

(3) 15.7 s (4) 20.1 s

128. 0.16 kg द्रव्यमान की कोई गेंद 18 km/h की चाल से किसी दृढ़ दीवार से टकराती है और चाल में बिना किसी परिवर्तन किए आरेख में दर्शाए अनुसार परावर्तित हो जाती है । दीवार द्वारा गेंद को प्रदान किए गए आवेग का परिमाण है




(1) 0.4 kg m/s (2) 0.8 kg m/s

(3) 1.4 kg m/s (4) 2.4 kg m/s

129. A block of mass $m_1$ is in contact with another block of mass $m_2$ on a frictionless table, as shown in figure. On application of a force of magnitude F, the system of two blocks, remaining in contact, moves. The magnitude of the force, exerted by the block of mass $m_2$ on the block of mass $m_1$, is :




(1) $\left[\frac{m_1}{m_1+m_2}\right]F$

(2) $\left[\frac{m_2}{m_1+m_2}\right]F$

(3) $\left[\frac{2m_1}{m_1+m_2}\right]F$

(4) $\left[\frac{m_2}{2(m_1+m_2)}\right]F$

130. An object is suspended from a spring balance attached to the ceiling of a lift. The reading of the balance is 75 N when the lift is stationary. When the lift starts moving upward with an initial speed of 8.2 m/s, while decelerating at a rate of $g/5$, the reading of the balance is ($g$ is acceleration due to gravity at the place)

(1) 0 (2) 30 N
(3) 60 N (4) 90 N

131. A mass m is hanging from three strings as shown in figure. The system is at rest. The ratio of tensions, $T_2/T_1$, is




(1) 1 (2) $\sqrt{3}$
(3) 2 (4) $\sqrt{5}$

129. आरेख में दर्शाए अनुसार किसी घर्षणहीन मेज़ पर कोई $m_1$ द्रव्यमान का गुटका किसी अन्य $m_2$ द्रव्यमान के गुटके को स्पर्श कर रहा है । F परिमाण के किसी बल को आरोपित करने पर यह दो गुटकों का निकाय, सम्पर्क में रहते हुए गति करता है । द्रव्यमान $m_2$ के गुटके द्वारा द्रव्यमान $m_1$ के गुटके पर आरोपित बल का परिमाण है




(1) $\left[\frac{m_1}{m_1+m_2}\right]F$

(2) $\left[\frac{m_2}{m_1+m_2}\right]F$

(3) $\left[\frac{2m_1}{m_1+m_2}\right]F$

(4) $\left[\frac{m_2}{2(m_1+m_2)}\right]F$

130. कोई पिण्ड लिफ्ट की छत से जुड़ी किसी कमानीदार तुला से निलंबित है । जब लिफ्ट रुकी हुई है, तब कमानीदार तुला का पाठ्यांक 75 N है । जब लिफ्ट किसी आरम्भिक वेग 8.2 m/s से ऊपर की दिशा में गति आरम्भ करती है, $g/5$ की दर से मंदित होते हुए ($g$ उस स्थान पर गुरुत्वीय त्वरण है ।), तब कमानीदार तुला का पाठ्यांक है

(1) 0 (2) 30 N
(3) 60 N (4) 90 N

131. कोई द्रव्यमान m आरेख में दर्शाए अनुसार तीन डोरियों से लटका है । यह निकाय विरामावस्था में है । तनावों का अनुपात ($T_2/T_1$) है ।




(1) 1 (2) $\sqrt{3}$
(3) 2 (4) $\sqrt{5}$

132. A block P of weight 60 N is lying on a surface. It is connected to a block Q of weight 30 N by a chord passing over a frictionless, massless pulley, as shown in the figure. If the co-efficient of static friction between block P and the surface is 0.20, the minimum weight (block S) that must be placed on P, to keep it from sliding, is




(1) 30 N

(2) 60 N

(3) 90 N

(4) 120 N

133. Three identical blocks A, B and C each of mass m, connected by light strings, lie on a frictionless, horizontal plane, as shown in Figure.

A force $\vec{F}$ applied on C pulls the system. The force with which block C pulls block B is




(1) $\vec{F}/3$

(2) $\vec{F}/2$

(3) $2\vec{F}/3$

(4) $\vec{F}$

132. 60 N भार का कोई गुटका, P किसी पृष्ठ पर रखा है । यह गुटका किसी डोरी द्वारा, जो किसी घर्षणहीन और द्रव्यमानहीन घिरनी से, आरेख में दर्शाए अनुसार गुजरती है, 30 N भार के गुटके Q से जुड़ा है । यदि पृष्ठ और गुटके P के बीच स्थैतिक घर्षण गुणांक 0.20 है, तो गुटके P पर रखे जाने वाले गुटके S का कम से कम भार, जो गुटके P को सरकने से बचाए, है




(1) 30 N (2) 60 N

(3) 90 N (4) 120 N

133. आरेख में दर्शाए अनुसार किसी घर्षणहीन क्षैतिज तल पर किसी हलकी डोरी द्वारा जुड़े तीन सर्वसम गुटके A, B और C, जिनके द्रव्यमान समान (m) हैं, रखे हैं । गुटके C पर आरोपित कोई बल $\vec{F}$ इस निकाय को खींचता है । गुटके B को गुटका C जिस बल से खींचता है, वह बल है




(1) $\vec{F}/3$ (2) $\vec{F}/2$

(3) $2\vec{F}/3$ (4) $\vec{F}$

**134.** A 10 kg block and a 2.0 kg block are connected by a light string that passes over a massless, frictionless pulley as shown in the figure. The acceleration of the system, when released is ($g$ is the acceleration due to gravity)




(1) $g/3$ (2) $g/2$
(3) $2g/3$ (4) $g$

**135.** A particle moves 4m along +z direction while being acted upon by a force $\vec{F} = (-\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k})$N. Here $\hat{i}$, $\hat{j}$ and $\hat{k}$ are unit vectors, along the X–, Y– and Z-axis of the coordinate system, respectively. The work done by this force on the particle is

(1) 4 J (2) 12 J
(3) 16 J (4) 24 J

**136.** A block of weight 4.0 N is pushed against a wall by a force $\vec{F}$ of 11 N, as shown in the figure. The block does not move. The co-efficient of static friction between the wall and the block is 0.5. In unit vector notation, the force exerted by the wall on the block is




(1) $(-11\hat{i} + 4.0\hat{j})$N
(2) $(11\hat{i} - 4.0\hat{j})$N
(3) $(-11\hat{i} + 5.5\hat{j})$N
(4) $(11\hat{i} - 5.5\hat{j})$N

**134.** आरेख में दर्शाए अनुसार किसी हलकी डोरी के सिरों से 10 kg और 2.0 kg द्रव्यमान के दो गुटके बंधे हैं, जो किसी द्रव्यमानहीन और घर्षणहीन घिरनी से गुजरती है । मुक्त किए जाने पर इस निकाय का त्वरण ($g$ गुरुत्वीय त्वरण है) है




(1) $g/3$ (2) $g/2$
(3) $2g/3$ (4) $g$

**135.** कोई कण, $\vec{F} = (-\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k})$N बल आरोपित किए जाने पर + z दिशा के अनुदिश 4 m गति करता है । यहाँ पर $\hat{i}$, $\hat{j}$ और $\hat{k}$ निर्देशांक निकाय के X–, Y– और Z-अक्ष के अनुदिश क्रमशः मात्रक सदिश हैं । इस बल द्वारा कण पर किया गया कार्य है –

(1) 4 J (2) 12 J
(3) 16 J (4) 24 J

**136.** आरेख में दर्शाए अनुसार 4.0 N भार के किसी गुटके को 11 N का कोई बल $\vec{F}$ किसी दीवार के विरुद्ध धक्का देता है । गुटका खिसकता नहीं है । गुटके और दीवार के बीच स्थैतिक घर्षण गुणांक 0.5 है । मात्रक सदिश संकेतन में, दीवार द्वारा गुटके पर आरोपित बल है




(1) $(-11\hat{i} + 4.0\hat{j})$N
(2) $(11\hat{i} - 4.0\hat{j})$N
(3) $(-11\hat{i} + 5.5\hat{j})$N
(4) $(11\hat{i} - 5.5\hat{j})$N

137. A bob of mass m is suspended by a light string of length L. It is imparted a horizontal velocity $v_0$ at the lowest point A such that it completes only a semi-circular path in the vertical plane with the string becoming slack only on reaching the topmost point C, as shown in figure. The value of $v_0$ is ($g$ = acceleration due to gravity)




(1) $\sqrt{gL}$ (2) $\sqrt{2gL}$
(3) $\sqrt{3gL}$ (4) $\sqrt{4gL}$

138. A particle is attached to a light spring and rests on a smooth horizontal surface of a table. The other end of the spring is attached to a rigid wall at one end of the table. The equilibrium position of the particle is at x = 0. The particle is moved from co-ordinate $x_i$ to $x_f$. The work done by the spring is positive if

(1) $x_i = 1$ cm and $x_f = -3$ cm
(2) $x_i = -3$ cm and $x_f = -1$ cm
(3) $x_i = 1$ cm and $x_f = 3$ cm
(4) $x_i = -1$ cm and $x_f = -3$ cm

139. A man pushes a 100 N box a distance of 6.0 m upward along a frictionless slope that makes an angle of 30° with the horizontal. The force exerted by him is parallel to the slope. If the speed of the box remains constant, the work done by the man is

(1) – 300 J (2) 300 J
(3) – 600 J (4) 600 J

137. m द्रव्यमान का कोई गोलक लम्बाई L की किसी हलकी डोरी से निलंबित है । इस गोलक को इसके निम्नतम बिन्दु A पर इतना क्षैतिज वेग $v_0$ प्रदान किया जाता है कि यह आरेख में दर्शाए अनुसार, ऊर्ध्वाधर तल में केवल अर्धवृत्तीय पथ पूरा करे तथा डोरी केवल शीर्षतम बिन्दु C पर पहुँचकर ही ढीली पड़े । वेग $v_0$ का मान है ($g$ गुरुत्वीय त्वरण है)




(1) $\sqrt{gL}$ (2) $\sqrt{2gL}$
(3) $\sqrt{3gL}$ (4) $\sqrt{4gL}$

138. कोई कण जो किसी हलकी कमानी से जुड़ा है किसी मेज के क्षैतिज चिकने पृष्ठ पर विराम में है । कमानी का दूसरा सिरा किसी दृढ़ दीवार से जुड़ा है जो मेज के एक सिरे पर है । कण की साम्यावस्था स्थिति x = 0 पर है । इस कण को निर्देशांक $x_i$ से $x_f$ तक ले जाया जाता है । कमानी द्वारा किया गया कार्य धनात्मक है, यदि

(1) $x_i = 1$ cm और $x_f = -3$ cm
(2) $x_i = -3$ cm और $x_f = -1$ cm
(3) $x_i = 1$ cm और $x_f = 3$ cm
(4) $x_i = -1$ cm और $x_f = -3$ cm

139. कोई व्यक्ति किसी घर्षणहीन ढाल, जो क्षैतिज से 30° का कोण बनाती है, के अनुदिश 100 N के किसी बॉक्स को ऊपर की ओर 6.0 m धकेलता है । व्यक्ति द्वारा आरोपित बल की दिशा ढाल के समान्तर है । यदि बॉक्स की चाल नियत रहती है, तो व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य है

(1) – 300 J (2) 300 J
(3) – 600 J (4) 600 J

**140.** A simple pendulum is drawn until the bob has risen through 0.5 m. as shown in the figure. It is then released from rest at point P. Its speed at the lowest point O is close to (air resistance negligible)




(1) 1.1 m/s (2) 1.7 m/s
(3) 3.1 m/s (4) 4.4 m/s

**141.** A ball of mass 0.05 kg moving with velocity (4.0 m/s) $\hat{i}$ strikes another ball of 10 kg lying at rest on a horizontal smooth table. If the collision is elastic, the velocity of 0.05 kg ball, after collision, is (nearly)

(1) 0 (2) (4.0 m/s)$\hat{i}$
(3) –(4.0 m/s)$\hat{i}$ (4) –(2.0 m/s)$\hat{i}$

**142.** A ball is held at a height h above a floor. It is released and falls to the floor. The graph that correctly depicts the variation of the mechanical energy of the ball with height y of the ball is (neglecting air resistance)




(1) (a) (2) (b)
(3) (c) (4) (d)

**140.** किसी सरल लोलक को आरेख में दर्शाए अनुसार 0.5 m ऊँचाई होने तक खींचा जाता है । इसे फिर बिन्दु P पर विराम से मुक्त किया जाता है । (वायु के प्रतिरोध को उपेक्षणीय मानते हुए) इसकी निम्नतम बिन्दु O पर चाल, किसके निकटतम है ?




(1) 1.1 m/s (2) 1.7 m/s
(3) 3.1 m/s (4) 4.4 m/s

**141.** (4.0 m/s) $\hat{i}$ वेग से गतिमान 0.05 kg द्रव्यमान की कोई गेंद क्षैतिज चिकनी मेज पर विराम में रखी 10 kg द्रव्यमान की किसी अन्य गेंद से टकराती है । यदि संघट्ट प्रत्यास्थ है, तो संघट्ट के पश्चात् 0.05 kg द्रव्यमान की गेंद का वेग है (लगभग)

(1) 0 (2) (4.0 m/s)$\hat{i}$
(3) –(4.0 m/s)$\hat{i}$ (4) – (2.0 m/s)$\hat{i}$

**142.** कोई गेंद फर्श से ऊँचाई h पर रखी है । इसे मुक्त किया जाता है और यह फर्श पर गिरती है । निम्नलिखित में से वह कौन सा ग्राफ है जो गेंद की ऊँचाई y के साथ गेंद की यांत्रिक ऊर्जा के विचरण को सही दर्शाता है ? (वायु प्रतिरोध को उपेक्षणीय मानिए)




(1) (a) (2) (b)
(3) (c) (4) (d)

**143.** Four particles of mass m, m, 2m and 2m are placed at the vertices of a square of side L, as shown in figure. The gravitational potential energy of the system is (G is universal gravitational constant)




(1) $-\frac{Gm^2}{L}\left[3+\sqrt{2}\right]$

(2) $\frac{Gm^2}{L}\left[9+2\sqrt{2}\right]$

(3) $-\frac{Gm^2}{L}\left[9+2\sqrt{2}\right]$

(4) $\frac{Gm^2}{L}\left[3+\sqrt{2}\right]$

**144.** A 4.00 g bullet, travelling horizontally at 300 m/s, hits a 2.00 kg wooden block, which is initially at rest on a smooth horizontal table. The bullet stops inside the block and does not come through. The speed of the block after collision is close to

(1) 0.3 m/s (2) 0.6 m/s
(3) 1.2 m/s (4) 1.6 m/s

**145.** The universal gravitational constant, G, has the unit

(1) N m/kg (2) N kg/m
(3) N $m^2$/kg (4) N $m^2/kg^2$

**146.** The mass of a hypothetical planet is (1/64) that of Earth and its radius is (1/4) that of Earth. If a person weights 600 N on Earth, his weight, on the planet, will be

(1) 37.5 N (2) 150 N
(3) 300 N (4) 1200 N

**147.** The mass of a planet is (1/10) that of Earth and its radius is half that of Earth. The escape speed on Earth is 11.2 km/s. The escape speed on the planet is close to

(1) 2.1 km/s (2) 3.5 km/s
(3) 5.0 km/s (4) 7.2 km/s

**143.** आरेख में दर्शाए अनुसार भुजा L के किसी वर्ग के शीर्षों पर चार कण जिनके द्रव्यमान m, m, 2 m और 2 m हैं, रखे हैं । इस निकाय की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा है (यहाँ G सार्वत्रिक गुरुत्वीय नियतांक है)




(1) $-\frac{Gm^2}{L}\left[3+\sqrt{2}\right]$

(2) $\frac{Gm^2}{L}\left[9+2\sqrt{2}\right]$

(3) $-\frac{Gm^2}{L}\left[9+2\sqrt{2}\right]$

(4) $\frac{Gm^2}{L}\left[3+\sqrt{2}\right]$

**144.** 300 m/s की चाल से क्षैतिजतः गतिमान 4.00 g द्रव्यमान की कोई गोली, किसी चिकनी क्षैतिज मेज पर विराम में स्थित 2.00 kg द्रव्यमान के लकड़ी के गुटके से टकराती है । गोली गुटके के भीतर रुक जाती है और बाहर नहीं निकलती । संघट्ट के पश्चात् गुटके की चाल निम्न में से किसके निकटतम होगी ?

(1) 0.3 m/s (2) 0.6 m/s
(3) 1.2 m/s (4) 1.6 m/s

**145.** सार्वत्रिक गुरुत्वीय नियतांक G का मात्रक है

(1) N m/kg (2) N kg/m
(3) N $m^2$/kg (4) N $m^2/kg^2$

**146.** किसी काल्पनिक ग्रह का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान का (1/64) गुना और त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या की (1/4) गुनी है । यदि किसी व्यक्ति का पृथ्वी पर भार 600 N है, तो उसका इस ग्रह पर भार होगा

(1) 37.5 N (2) 150 N
(3) 300 N (4) 1200 N

**147.** किसी ग्रह का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान का (1/10) गुना और इसकी त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या की आधी है । पृथ्वी पर पलायन चाल 11.2 km/s है । इस ग्रह पर पलायन चाल किसके निकटतम होगी ?

(1) 2.1 km/s (2) 3.5 km/s
(3) 5.0 km/s (4) 7.2 km/s

H

148. A satellite of mass m is revolving around the Earth in a circular orbit. Let K and V represent the kinetic energy and magnitude of potential energy of the satellite. Then the ratio K/V is

(1) 1/4 (2) 1/2
(3) 1 (4) 2

149. Four particles of mass m, 2m, 3m and 4m are placed at the corners of a square of side 20 cm. The co-ordinate system is as shown in the figure. The centre of mass of the system is at




(1) x = 1 cm; y = –2 cm
(2) x = –1 cm; y = –2 cm
(3) x = 0 cm; y = –4 cm
(4) x = –2 cm; y = –6 cm

150. The angular speed of a motor wheel is increased from 600 rpm to 2400 rpm in 12 s. If angular acceleration is constant, the number of revolution the wheel makes during this time is

(1) 100 (2) 224
(3) 300 (4) 464

151. A uniform disc of mass 2.8 kg and radius 20 cm is mounted on a fixed horizontal frictionless axle. A block with mass 1.0 kg hangs from a massless cord, that is wrapped around the rim of the disc. After the block is released, the tension in the cord is close to (assume that the cord does not slip)




(1) 2.2 N (2) 3.1 N
(3) 4.5 N (4) 5.7 N

148. द्रव्यमान m का कोई उपग्रह किसी वृत्तीय कक्षा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है । यदि K और V इस उपग्रह की गतिज ऊर्जा और स्थितिज ऊर्जा के परिमाण को निरूपित करते हैं, तो K/V अनुपात है

(1) 1/4 (2) 1/2
(3) 1 (4) 2

149. m, 2m, 3m और 4m द्रव्यमान के चार कण 20 cm भुजा के किसी वर्ग के कोनों पर रखे हैं । निर्देशांक निकाय आरेख में दर्शाए अनुसार है । इन निकाय का संहति केन्द्र कहाँ पर है ?




(1) $x = 1$ cm; y = –2 cm
(2) $x = -1$ cm; y = –2 cm
(3) $x = 0$ cm; y = – 4 cm
(4) $x = -2$ cm; y = – 6 cm

150. किसी मोटर के पहिए की कोणीय चाल 12 s में 600 rpm से बढ़कर 2400 rpm हो जाती है । यदि कोणीय त्वरण नियत है, इस समय में पहिए द्वारा लगाए गए चक्करों की संख्या है

(1) 100 (2) 224
(3) 300 (4) 464

151. द्रव्यमान 2.8 kg और त्रिज्या 20 cm की कोई एकसमान डिस्क किसी स्थिर क्षैतिज घर्षणहीन धुरी पर आलंबित है । कोई 1.0 kg द्रव्यमान का गुटका, किसी द्रव्यमानहीन डोरी, जो इस डिस्क की नेमी पर लिपटी है, के एक सिरे से लटका है । गुटके को मुक्त करने के पश्चात, इस डोरी में तनाव निम्न में से किसके निकटतम होगा ? (यह मानिए कि डोरी फिसलती नहीं है ।)




(1) 2.2 N (2) 3.1 N
(3) 4.5 N (4) 5.7 N

152. The moment of inertia of a rod of mass M and length L, about an axis perpendicular to it through one end, is

(1) $\frac{ML^2}{12}$ (2) $\frac{ML^2}{6}$

(3) $\frac{ML^2}{3}$ (4) $\frac{ML^2}{2}$

153. Three bodies, a ring, a solid cylinder and a solid sphere, roll down the same inclined plane without slipping. They start from rest and their radii are the same. Let $v_r$, $v_c$ and $v_s$ be the velocity of the centre of mass of ring, cylinder and sphere, respectively, when they reach the ground. Neglecting friction, which of the following relations is corect ?

(1) $v_r = v_c = v_s$ (2) $v_r < v_c < v_s$

(3) $v_c < v_s < v_r$ (4) $v_s < v_r < v_c$

154. A thin circular ring of mass M and radius r is rotating about its axis with an angular speed ω. Two particles, each of mass m, are now gently attached at diametrically opposite points. The angular speed of the ring becomes

(1) $\left[\frac{M-2m}{M+2m}\right]\omega$ (2) $\left[\frac{M+2m}{M}\right]\omega$

(3) $\left[\frac{M}{M+m}\right]\omega$ (4) $\left[\frac{M}{M+2m}\right]\omega$

155. A uniform sphere of mass M and radius R rolls without slipping on a plane surface so that its centre moves at a speed of $v_{cm}$. If $k_r$ is the kinetic energy of its rotation and $k_t$ is the kinetic energy of its translation, then the ratio $(k_r/k_t)$ is

(1) 1/5 (2) 2/5

(3) 1/3 (4) 1/2

152. द्रव्यमान M और लम्बाई L की किसी छड़ का इसके अक्ष के लम्बवत और इसके एक सिरे से गुजरने वाले अक्ष के परितः जड़त्व आघूर्ण है

(1) $\frac{ML^2}{12}$ (2) $\frac{ML^2}{6}$

(3) $\frac{ML^2}{3}$ (4) $\frac{ML^2}{2}$

153. तीन पिण्ड, कोई छल्ला, कोई ठोस सिलिण्डर और कोई ठोस गोला एक ही आनत तल पर बिना फिसले नीचे की ओर लुढ़कते हैं । ये विराम से गति आरम्भ करते हैं और इनकी त्रिज्याएँ समान हैं । मान लीजिए धरती पर पहुँचने पर छल्ले, सिलिण्डर और गोले के संहति केन्द्रों के वेग क्रमशः $v_r$, $v_c$ और $v_s$ हैं । घर्षण की उपेक्षा करते हुए, निम्नलिखित में से कौन सा संबंध सही है ?

(1) $v_r = v_c = v_s$ (2) $v_r < v_c < v_s$

(3) $v_c < v_s < v_r$ (4) $v_s < v_r < v_c$

154. कोई द्रव्यमान M और त्रिज्या r का पतला वृत्ताकार छल्ला अपने अक्ष के परितः कोणीय चाल ω से घूर्णन कर रहा है । दो कण जिनमें प्रत्येक का द्रव्यमान m है, धीरे से इस छल्ले के व्यासतः सम्मुख बिन्दुओं से जोड़ दिए जाते हैं । अब छल्ले की कोणीय चाल हो जाएगी

(1) $\left[\frac{M-2m}{M+2m}\right]\omega$ (2) $\left[\frac{M+2m}{M}\right]\omega$

(3) $\left[\frac{M}{M+m}\right]\omega$ (4) $\left[\frac{M}{M+2m}\right]\omega$

